भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-224

जिसका उत्तर 01 दिसंबर, 2016 को दिया जाना है ।

ऊर्जा मिश्रण में जलविद्युत का हिस्सा

***224. श्री राहुल शेवालेः**

डॉ. प्रीतम गोपीनाथ मुंडेः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के ऊर्जा मिश्रण में जलविद्युत का हिस्सा कम हो रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या अनेक जलविद्युत परियोजनाओं में विलंब हुआ है जिससे विद्युत उत्पादन बढ़ाने के सरकार के प्रयासों में रुकावट आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी परियोजना-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार का कम कीमत पर पर्याप्त विद्युत आपूर्ति करने और वर्ष 2019 तक विद्युत उत्पादन दुगुना करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

<u>विवरण</u>

"ऊर्जा मिश्रण में जल विद्युत का हिस्सा" के बारे में लोक सभा में दिनांक 01.12.2016 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 224 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

****

(क) : कुल संस्थापित क्षमता में जल विद्युत की प्रतिशतता, जो वर्ष 1962-63 में लगभग 51% (कुल 5,801 मेगावाट में से 2,936 मेगावाट) की अधिकतम क्षमता थी, वह घटकर दिनांक 31.10.2016 की स्थिति के अनुसार, 3,07,278 मेगावाट की कुल संस्थापित क्षमता का लगभग 14% रह गई है।

जल विद्युत के हिस्से में कमी होने के कारणों में बढ़ती ऊर्जा माँग को पूरा करने के लिए ताप विद्युत क्षेत्र में ज्यादा तथा त्वरित क्षमता अभिवृद्धि, जल विद्युत परियोजनाओं की लंबी निर्माण अवधि, भूवैज्ञानिक विचित्रताएं, पुनर्वास एवं पुनःस्थापन संबंधी मुद्दे, निजी क्षेत्र की परियोजनाओं में धनराशि संबंधी बाधाएं आदि शामिल हैं। यह उल्लेखनीय है कि यद्यपि, जल विद्युत का हिस्सा कुल संस्थापित क्षमता की प्रतिशतता की दृष्टि से घटा है, तथापि संस्थापित क्षमता की दृष्टि से पर्याप्त क्षमता अभिवृद्धि हुई है।

(ख) : वर्तमान में, 13182 मेगावाट की समग्र क्षमता वाली 44 जल विद्युत परियोजनाएं निर्माणाधीन है जिनमें से 12966 मेगावाट क्षमता वाली 42 जल विद्युत परियोजनाओं में विलंब हुआ है। परियोजना-वार ब्यौरे/विलंब के कारण **अनुबंध-I** में दिए गए हैं।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, 22319 मेगावाट की समग्र क्षमता वाली 39 जल विद्युत परियोजनाओं के संबंध में सीईए ने सहमति दे दी है जिन्हें पर्यावरण एवं वन स्वीकृति तथा **अनुबंध-II** में दिए गए, अन्य संबंधित मुद्दों, सहित विभिन्न कारणों से, अभी प्रारंभ किया जाना है।

(ग) : विद्युत एक समवर्ती सूची का विषय है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में वहनीय विद्युत प्रदान करना संबंधित राज्य सरकार/राज्य विद्युत यूटिलिटी के अधिकार-क्षेत्र में आता है। केंद्र सरकार, केंद्रीय विद्युत क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू) के माध्यम से केंद्रीय क्षेत्र में विद्युत संयंत्र तथा पारेषण प्रणालियाँ स्थापित कर राज्य सरकारों के प्रयासों में सहायता करती है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में पर्याप्त विद्युत प्रदान करने में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :-

(i) 12वीं योजना अवधि (2012-17) के दौरान, 31 अक्तूबर, 2016 तक पारंपरिक स्रोतों से 88,537 मेगावाट के लक्ष्य की तुलना में लगभग 88,928.2 मेगावाट की क्षमता अभिवृद्धि हासिल की गई तथा 30 सितम्बर, 2016 तक नवीकरणीय स्रोतों से 30,000 मेगावाट के लक्ष्य की तुलना में लगभग 21,128 मेगावाट की क्षमता अभिवृद्धि हासिल की गई है।

(ii) विद्युत संयंत्रों को घरेलू कोयले की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। वर्ष 2015-16 के दौरान विद्युत संयंत्रों को घरेलू कोयले की आपूर्ति में लगभग 6.2% की वृद्धि हुई है।

(iii) 12वीं योजना अवधि (2012-17) के दौरान 31 अक्तूबर, 2016 तक, 1,07,440 सर्किट किलोमीटर पारेषण लाइनों के लक्ष्य की तुलना में 1,00,468 सर्किट किलोमीटर पारेषण लाइनें तथा 2,82,750 एमवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता के लक्ष्य की तुलना में 2,88,458 एमवीए ट्रांसफार्मेशन क्षमता पूरी की जा चुकी है।

(iv) भारत सरकार ने राज्यों के साथ भागीदारी करके से सभी को 24x7 विद्युत (पीएफए) उपलब्ध कराने हेतु राज्य विशिष्ट कार्य योजनाएं तैयार करने हेतु पहल की है।

(v) उप-पारेषण तथा वितरण नेटवर्क को सुदृढ़ करने तथा पर्याप्त एवं विश्वसनीय आपूर्ति करने और लाइनों की हानियों को कम करने के लिए कृषि फीडरों को पृथक करने हेतु भारत सरकार ने दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई) तथा एकीकृत विद्युत विकास स्कीम (आईपीडीएस) नामक दो नई योजनाएं शुरु की हैं।

(vi) केंद्र सरकार ने डिस्कॉम के प्रचालनात्मक तथा आमूल-चूल वित्तीय परिवर्तन के लिए दिनांक 20.11.2015 को उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) नामक स्कीम अधिसूचित की है।

(vii) भारत सरकार ने स्ट्रैंडेड गैस आधारित उत्पादन के प्रचालनीकरण के लिए विद्युत प्रणाली विकास निधि (पीएसडीएफ) से सहायता प्रदान कर एक स्कीम शुरू की है।

****

अनुबंध-I

"ऊर्जा मिश्रण में जल विद्युत का हिस्सा" के बारे में लोक सभा में दिनांक 01.12.2016 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 224 के उत्तर में दिए गए विवरण के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध।

****

निर्माणाधीन समय/लागत आधिक्य वाली जल विद्युत परियोजनाओं (25 मेगावाट से अधिक) का ब्यौरा

क्रम सं.	परियोजना का नाम/(सं.क्ष.)/निष्पादन एजेंसी	राज्य	यूनिट सं.	क्षमता (मेगा.)	चालू होने की मूल अनुसूची	चालू होने की संशोधित अनुसूची	चालू होने की अनुमानित अनुसूची	समय आधिक्य (माह)	समय और लागत आधिक्य के कारण
1	2	3	4	5	6		7	8	9
	केंद्रीय क्षेत्र								
1	तपोवन विष्णुगाड (4x130 = 520 मेगावाट) एनटीपीसी	उत्तराखंड	1 2 3 4	130 130 130 130	2012-13 2012-13 2012-13 2012-13 (मार्च'13)	2015-16 2015-16 2015-16 2015-16 (मार्च'16)	2019-20 2019-20 2019-20 2019-20 (जून'19)	84	➢ एचआरटी में खराब भूविज्ञान के कारण अत्यधिक जल का प्रवेश और टीबीएम पर पत्थर गिरे। टीबीएम तीन बार फंसी। ➢ जून, 2013 और अगस्त, 2012 में अचानक बाढ़ से कॉफर डैम को क्षति। ➢ बैराज और एचआरटी की सिविल संविदा की समाप्ति
2	लता तपोवन (3x57 = 171 मेगावाट) एनटीपीसी	उत्तराखंड	1 2 3	57 57 57	2017-18 2017-18 2017-18 (अग.'17)		2021-22 2021-22 2021-22 (कार्यों के **पुनः शुरू** होने के अध्यधीन)	48	➢ उत्तराखंड में जून, 2013 के दौरान अचानक बाढ़। ➢ बैराज क्षेत्र में स्थानीय मामले/कार्य प्रारंभ न होना। ➢ **माननीय उच्चतम न्यायालय ने मई, 2014 से निर्माण कार्य पर रोक लगाई।**
3	पारे (2x55 = 110 मेगावाट) नीपको	अरुणाचल प्रदेश	1 2	55 55	2012-13 (अग.'12)		2017-18 2017-18	60	➢ कानून-व्यवस्था की समस्या। ➢ कमजोर भूविज्ञान। ➢ खराब पहुंच सड़क। ➢ जून-सितंबर, 2015 के दौरान अचानक बाढ़। बांध क्षेत्र में पानी भर गया, बांध का कंक्रीटिंग कार्य 04 महीने तक बाधित रहा।
4	तुरियल (2x30 = 60 मेगावाट) नीपको	मिजोरम	1 2	30 30	2006-07 2006-07 (जुल.'06) (जन.'14) आरसीई-I	2013-14 2013-14 (जन.'14) आरसीई-I	2017-18 2017-18 (अक्तू.'17)	132	➢ **विगत में स्थानीय विरोध के कारण लगभग सात वर्ष (जून, 2004 से जन.-2011) कार्य लंबित रहा। परिणामस्वरूप संशोधित अनुमोदन (आरसीई-I) जन.-2011 में दिया गया।** ➢ खराब पहुंच सड़क। ➢ पावर हाउस में स्लोप का विफल होना। ➢ ठेकेदार द्वारा अपर्याप्त जुटाव। ➢ ईएंडएम कार्यों के लिए इरेक्शन ठेकेदार का विलंबित जुटाव।
5	कामेंग (4x150 = 600 मेगावाट) नीपको	अरुणाचल प्रदेश	1 2 3	150 150 150	2009-10 2009-10 2009-10		2017-18 2017-18 2017-18	96	➢ बांध पैरामीटरों में परिवर्तन। ➢ खराब भूविज्ञान, अत्यधिक रिसाव, अपर्याप्त मशीनरी के कारण बांध एवं

क्रम सं.	परियोजना का नाम/(सं.क्ष.)/निष्पादन एजेंसी	राज्य	यूनिट सं.	क्षमता (मेगा.)	चालू होने की मूल अनुसूची	चालू होने की संशोधित अनुसूची	चालू होने की अनुमानित अनुसूची	समय आधिक्य (माह)	समय और लागत आधिक्य के कारण
1	2	3	4	5	6		7	8	9
			4	150	2009-10 (दिसं.'09)		2017-18 (क्रिटिकल) (अक्तू.'17)		एचआरटी में धीमी प्रगति। ➢ अक्टूबर, 2008 और सितंबर, 2012 में अचानक बाढ़। ➢ एचआरटी में जल का प्रवेश। ➢ खराब पहुंच सड़क। ➢ संविदात्मक मामले। ➢ मिलावे की कमी। ➢ राज्य सरकार से खदान के लिए स्वीकृति।
6	टिहरी पीएसएस (4x250 = 1000 मेगावाट) टीएचडीसी	उत्तराखंड	1 2 3 4	250 250 250 250	2010-11 2010-11 2010-11 2010-11 (जुल.'10)	2015-16 2015-16 2015-16 2015-16 (फर.'16) आरसीई-I	2019-20 2019-20 2019-20 2019-20 (सितं'19)	108	➢ **एल-1 कीमत बोली के लागत आकलन से ज्यादा होने के कारण आरसीई का अनुमोदन। आरसीई नवंबर, 2011 में अनुमोदित किया गया।** ➢ बोलीकर्ताओं द्वारा मुकदमेबाजी। ➢ खराब भूविज्ञान। ➢ असेना खदान में स्थानीय विरोध। ➢ मक डिस्पोजल क्षेत्र में विरोध। ➢ संविदाकर्ता द्वारा खराब तैयारी। ➢ खराब भौगोलिक स्थिति के कारण मशीन हॉल के ले आऊट का संशोधन।
7	पारबती-II (4x200 = 800 मेगावाट) एनएचपीसी	हिमाचल प्रदेश	1 2 3 4	200 200 200 200	2009-10 2009-10 2009-10 2009-10 (सितं.'09)		2018-19 2018-19 2018-19 2018-19 (दिसं.'08)	108	➢ माननीय उच्च न्यायालय, हिमाचल प्रदेश ने स्टोन क्रशर प्रचालन पर रोक लगाई। ➢ संशोधित वन स्वीकृति में विलंब। ➢ नवंबर, 2006 में टीबीएम फेस में पानी और कीचड़ के भारी मात्रा में प्रवेश करने के कारण टीबीएम को अत्यधिक क्षति हुई। ➢ अप्रैल, 04, जून, 06 और फरवरी, 07 में पावर हाउस क्षेत्र में स्खलन। ➢ 2004, 2005, 2010 और 2011 में अचानक बाढ़। ➢ केविटी ट्रीटमेंट के कारण जीवा नाला कार्य प्रभावित हुआ। ➢ संविदा संबंधी मामले
8	सुबानसिरी लोअर (8x250 = 2000 मेगावाट) एनएचपीसी	अरुणाचल प्रदेश/असम	1 2 3 4 5 6 7 8	250 250 250 250 250 250 250 250	2009-11 2009-11 2009-11 2009-11 2009-11 2009-11 2009-11 2009-11		2020-21 (कार्यों के **पुनः शुरू** होने के अध्यधीन)	120	➢ वनभूमि के हस्तांतरण में विलंब। ➢ अरुणाचल प्रदेश क्षेत्र में स्थानीय लोगों द्वारा कार्यों में बाधा। ➢ जनवरी, 2008 में पावर हाउस में स्लोप विफलता। ➢ रंगानदी नदी पर पुल को क्षति। ➢ सर्ज शॉफ्ट्स से सर्ज टनल्स के डिजाइन में परिवर्तन। ➢ **असम में, परियोजना के निर्माण के विरोध में बांध विरोधी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रारंभ आंदोलन के कारण**

क्रम सं.	परियोजना का नाम/(सं.क्ष.)/निष्पादन एजेंसी	राज्य	यूनिट सं.	क्षमता (मेगा.)	चालू होने की मूल अनुसूची	चालू होने की संशोधित अनुसूची	चालू होने की अनुमानित अनुसूची	समय आधिक्य (माह)	समय और लागत आधिक्य के कारण
1	2	3	4	5	6		7	8	9
									कार्यबंदी। दिनांक 16.12.2011 से कार्य रूका। ➢ डी/एस प्रभाव अध्ययनों का मामला। ➢ एनजीटी में मामला।
9	किशनगंगा (3x110 = 330 मेगावाट) एनएचपीसी	जम्मू व कश्मीर	1 2 3	110 110 110	2014-15 2014-15 (जुल.'14) (जन.'16) आरसीई-I	2015-16 2015-16 2015-16 (जन.'16) आरसीई-I	2017-18 2017-18 2017-18	36	➢ **एल-1 मूल्य बोली लागत अनुमान से ज्यादा थी, अतः आरसीई का अनुमोदन। आरसीई जन.-2009 में अनुमोदित हुआ।** ➢ मार्च, 2011 में भारी बारिश। ➢ एचआरटी-टीबीएम भाग में केविटी। ➢ एक्सेस टनल में खराब भूविज्ञान। ➢ अन्तर्राष्ट्रीय मध्यस्थता न्यायालय में मध्यस्थता कार्यवाहियों के कारण बांध कार्य प्रभावित हुआ। ➢ स्थानीय लोगों द्वारा एनएचपीसी में रोजगार की मांग। ➢ आरएंडआर मामले। ➢ विद्युत निकासी प्रबंध को पूर्ण करना (पीजीसीआईएल)
10	विष्णुगाड पीपलकोटि (4x111 = 444 मेगावाट) टीएचडीसी	उत्तराखंड	1 2 3 4	111 111 111 111	2013-14 2013-14 2013-14 2013-14 (जून'13)		2019-20 2019-20 2019-20 2019-20 (दिसं.'19)	72	➢ अगस्त, 2008 में सीसीईए अनुमोदन परंतु वन स्वीकृति/वन भूमि के परिवर्तन के कारण कार्य अवार्ड नहीं किया जा सका। वन भूमि जनवरी, 14 में अधिगृहीत की गई तथा बाद में जनवरी,2014 में कार्य अवार्ड किया गया। ➢ स्थानीय लोगों द्वारा कार्य बाधित।
	राज्य क्षेत्र								
11	कशांग-II व III (1x65 + 1x65 मेगावाट) =130 मेगावाट एचपीपीसीएल	हिमाचल प्रदेश	**1*** 2	**65** 65	**2013-14** 2013-14		**चालू** 2019-20 (कार्यों के **पुनः शुरू** होने के अध्यधीन)	72	➢ स्थानीय मुद्दे। एनजीटी में दो अलग-अलग मामलों, जो विचाराधीन हैं, के कारण कार्य शुरू नहीं हो सका; इनमें से, एक मामले का निर्णय एचपीपीसीएल के पक्ष में किया गया, जबकि दूसरे मामले में एनजीटी के फैसले को माननीय उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई। ➢ जून, 2013 में अचानक बाढ़। ➢ संविदाकार द्वारा कार्य रोक दिया गया। ➢ एनजीटी द्वारा कार्य रोक दिया गया।
12	उहल-III (3x33.33 = 100 मेगावाट) बीवीपीसीएल (एचपीएसईबी)	हिमाचल प्रदेश	1 2 3	33.33 33.33 33.33	2006-07 2006-07 2006-07		2017-18 2017-18 2017-18	132	➢ वनभूमि के हस्तांतरण में विलंब। ➢ निजी भूमि के अधिग्रहण में विलंब। ➢ खदान स्थलों के स्थानांतरण में विलंब। ➢ कार्यों को अवार्ड करने में विलंब। ➢ संविदाकार द्वारा धीमी प्रगति और कार्य न करने के कारण अप्रैल, 2008 और जुलाई, 2010 के दौरान एचआरटी निर्माण के लिए संविदा दो बार रद्द की

क्रम सं.	परियोजना का नाम/(सं.क्ष.)/निष्पादन एजेंसी	राज्य	यूनिट सं.	क्षमता (मेगा.)	चालू होने की मूल अनुसूची	चालू होने की संशोधित अनुसूची	चालू होने की अनुमानित अनुसूची	समय आधिक्य (माह)	समय और लागत आधिक्य के कारण
1	2	3	4	5	6		7	8	9
									गई। ➢ एचआरटी में खराब भौगोलिक स्थिति।
13	स्वारा कुड्डू (3x37 =111 मेगावाट) एचपीपीसीएल	हिमाचल प्रदेश	1 2 3	37 37 37	2010-11 2010-11 2010-11		2018-19 2018-19 2018-19	96	➢ एमओईएफ स्वीकृति में विलंब। ➢ सिविल एवं ईएंडएम कार्यों को अवार्ड करने में विलंब। ➢ एचआरटी में खराब भौगोलिक स्थिति। ➢ एचआरटी लाइनिंग की धीमी प्रगति। ➢ संविदा संबंधी मामले। ➢ एचआरटी पैकेज के लिए संविदा 09.01.2014 को समाप्त की गई। मैसर्स एचसीसी को नवंबर, 2014 में पुनः अवार्ड की गई।
14	सैंज (2x50 = 100 मेगावाट) एचपीपीसीएल	हिमाचल प्रदेश	1 2	50 50	2014-15 2014-15		2016-17 2016-17	24	➢ एचआरटी और बैराज कार्यों की धीमी प्रगति। ➢ स्थानीय मुद्दे।
15	शौंगटोंग करछम (3x150 = 450 मेगावाट) एचपीपीसीएल 16.08.2012	हिमाचल प्रदेश	1 2 3	150 150 150	2017-18 2017-18 2017-18		2019-20 2019-20 2019-20	24	➢ आर्मी एम्यूनिशन डिपो का स्थानांतरण। ➢ स्थानीय मुद्दे।
16	पुलीचिंताला (4x30 = 120 मेगावाट) टीजीईएनसीओ	तेलंगाना	1* 2 3 4	**30** 30 30 30	**2009-11** 2009-11 2009-11 2009-11		**2016-17** 2016-17 2017-18 2017-18	**चालू** 72 84	➢ ईएंडएम कार्यों को अवार्ड करने में विलंब। ➢ अक्तूबर, 2009 और सितंबर, 2011 में अभूतपूर्व बाढ़। ➢ संविदा संबंधी मामले। ➢ विद्युत गृह कार्यों की धीमी प्रगति।
17	नागार्जुन सागर टेल पूल डैम (2x25 = 50 मेगावाट) एपजैंको	आंध्र प्रदेश	1 2	25 25	2008-09 2008-09		2016-17 2016-17	96	➢ वर्ष 2009, 2011 और 2013 के दौरान लगातार बाढ़ के कारण बांध की धीमी प्रगति। ➢ एचएम कार्यों को अवार्ड करने में विलंब। ➢ बांध कार्यों में संविदा संबंधी मामले। ➢ जल की अनुपलब्धता।
18	पल्लीवसल 2x30 = 60 मेगावाट केएसईबी	केरल	1 2	30 30	2010-11 2010-11		2019-20 2019-20 (कार्यों को **पुनः शुरू** करने के अध्यधीन)	108	➢ सिविल कार्यों की धीमी प्रगति। ➢ भूमि अधिग्रहण में विलंब। ➢ एचआरटी तक एडिट के संरेखण में परिवर्तन। ➢ एचआरटी में खराब भू-वैज्ञानिक स्ट्राटा। ➢ भारी मानसून। ➢ संविदा संबंधी मामलों के कारण संविदाकार द्वारा 28.01.2015 से कार्य रोक दिया गया।
19	थोटियार (1x30+1x10)= 40 मेगावाट केएसईबी	केरल	1 2	30 10	2012-13 2012-13		2019-20 2019-20 (कार्यों को **पुनः शुरू** करने के अध्यधीन)	84	➢ भूमि अधिग्रहण मुद्दे। ➢ स्थानीय लोगों द्वारा वर्ष 2010 से 2012 तक वेयर और अप्रोच चैनल के कार्य रोक दिए गए। ➢ न्यायालय द्वारा दिनांक 12.12.2012

क्रम सं.	परियोजना का नाम/(सं.क्ष.)/निष्पादन एजेंसी	राज्य	यूनिट सं.	क्षमता (मेगा.)	चालू होने की मूल अनुसूची	चालू होने की संशोधित अनुसूची	चालू होने की अनुमानित अनुसूची	समय आधिक्य (माह)	समय और लागत आधिक्य के कारण
1	2	3	4	5	6		7	8	9
									से अप्रैल, 2013 तक कार्य रोक दिया गया। ➢ संविदा संबंधी मामले। ➢ संविदाकार के साथ वित्तीय कठिनाई।
20	न्यू उमट्रू (2x20 =40 मेगावाट) एमईपीजीसीएल	मेघालय	1 2	20 20	2011-12 2011-12		2016-18 2016-18	72	➢ कार्यों को प्रारंभ करने में विलंब। ➢ वित्तीय समस्याएं। ➢ सिविल कार्यों की धीमी प्रगति।
21	शाहपुरकंडी 3x33+3x33+1x8 =206 मेगावाट, सिंचाई विभाग और पीएसपीसीएल	पंजाब	1 2 3 4 5 6 7	33 33 33 33 33 33 8	2017-18		2019-20 (कार्यों को पुनः शुरू करने के अध्यधीन)	24	➢ रावी नदी के पानी के हिस्से और प्रशुल्क के कारण जम्मू व कश्मीर और पंजाब के बीच अंतरराज्य विवाद से 29.08.2014 से डैम का कार्य रोक दिया गया।
22	कोयना लेफ्ट बैंक पीएसएस 2x40 = 80 मेगावाट डब्ल्यूआरडी, महाराष्ट्र	महाराष्ट्र	1 2	40 40	2017-18 2017-18		2019-20 2019-20 (कार्यों को **पुनः शुरू** करने के अध्यधीन)	24	➢ कार्यों की धीमी प्रगति। ➢ परियोजना लागत बढ़ने के कारण वित्तीय समस्याएं। आरसीई अनुमोदनाधीन।
23	तीस्ता स्टेज-III (6x200 = 1200 मेगावाट) तीस्ता ऊर्जा लिमिटेड	सिक्किम	1 2 3 4 5 6	200 200 200 200 200 200	2011-12 2011-12 2011-12 2011-12 2011-12 2011-12		2016-17 2016-17 2016-17 2016-17 2016-17 2016-17	60	➢ वन स्वीकृति में विलंब। ➢ सितंबर, 2011 में भूकंप के कारण कार्य प्रभावित हुए। ➢ विकासकर्ता के साथ वित्तीय बाधाएं। ➢ प्रेशर शॉफ्ट कार्यों में विलंब। ➢ विद्युत निकासी व्यवस्था में विलंब। ➢ विकासकर्ता के साथ नकद प्रवाह समस्या के कारण कार्य 13 महीने के लिए रूका।
24	व्यासी 2x60=120 मेगावाट, यूजेवीएनएल	उत्तराखंड	1 2	60 60	2014-15 2014-15		2018-19 2018-19	48	➢ कार्यों को अवार्ड करने में विलंब।
25	पोलावरम (12x80 = 960 मेगावाट) पीपीए	आंध्र प्रदेश	1 से 8	80 प्रत्येक	2017-18		2021-22	48	➢ कार्यों की धीमी प्रगति। ➢ वित्तीय समस्याएं। ➢ ईएंडएम कार्यों को अभी अवार्ड किया जाना है।
	निजी क्षेत्र								
26	टिडोंग-I 2x50 =100 मेगावाट एनएसएल टिडोंग	हिमाचल प्रदेश	1 2	50 50	2013-14 2013-14		2017-18 2017-18	48	➢ परियोजना प्रभावित पंचायतों द्वारा एनओसी में विलंब, सरकार द्वारा एक वर्ष के लिए कार्यों को लंबित करना।
27	टंगनु रोमई-I (2x22 = 44 मेगावाट) टीआरपीजीपीएल	हिमाचल प्रदेश	1 2	22 22	2014-15 2014-15		2018-19 2018-19 (कार्यों को **पुनः शुरू** करने के अध्यधीन)	48	➢ सिविल कार्यों की धीमी प्रगति। ➢ खराब भौगोलिक परिस्थिति। ➢ कठिन क्षेत्र। ➢ जलवायु परिस्थितियां एवं पहुंच। ➢ विकासकर्ता के साथ वित्तीय

क्रम सं.	परियोजना का नाम/(सं.क्ष.)/निष्पादन एजेंसी	राज्य	यूनिट सं.	क्षमता (मेगा.)	चालू होने की मूल अनुसूची	चालू होने की संशोधित अनुसूची	चालू होने की अनुमानित अनुसूची	समय आधिक्य (माह)	समय और लागत आधिक्य के कारण
1	2	3	4	5	6		7	8	9
									समस्याएं।
28	सोरांग (2x50 = 100 मेगावाट), एचएसपीपीएल	हिमाचल प्रदेश	1 2	50 50	2012-13 2012-13		2017-18 2017-18	60	➢ खराब भौगोलिक स्थिति। ➢ कठिन क्षेत्र। ➢ मौसमी स्थिति और पहुंच। ➢ वाटर कंडक्टर सिस्टम के भराव के दौरान पैनस्टॉक क्रैक्स/लीकेज। ➢ ट्रायल रन के दौरान नवं.-15 में पेनस्टॉक सरफेस में दरार।
29	सिंगोली भटवारी (3x33 = 99 मेगावाट) एलएंडटी	उत्तराखंड	1 2 3	33 33 33	2012-13 2012-13 2012-13		2020-21 2020-21 2020-21 (कार्यों को **सक्रिय रूप से शुरू** करने के अध्यधीन)	96	➢ एचआरटी में खराब भू-वैज्ञानिक स्थिति। ➢ स्थानीय लोगों द्वारा विरोध। ➢ जून, 2013 में अचानक बाढ़।
30	फाटा ब्यूंग (2x38 = 76 मेगावाट), लैंको	उत्तराखंड	1 2	38 38	2013-14 2013-14		2018-19 2018-19 (कार्यों को **सक्रिय रूप से शुरू** करने के अध्यधीन)	60	➢ जून, 2013 में अचानक बाढ़। ➢ एचआरटी में कमजोर भू-वैज्ञानिक स्थिति।
31	महेश्वर (10x40 = 400 मेगावाट) एसएमएचपीसीएल	मध्य प्रदेश	1 2 3 4 5 6 7 8 9 10	40 40 40 40 40 40 40 40 40 40	2001-02 2001-02 2001-02 2001-02 2001-02 2001-02 2001-02 2001-02 2001-02 2001-02		2017-19 (कार्यों को सक्रिय रूप से **शुरू** करने के अध्यधीन)	204	➢ आरएंडआर मुद्दे। ➢ विकासकर्ता के साथ नकद प्रवाह की समस्या।
32	तीस्ता स्टेज-VI (4x125 = 500 मेगावाट) लैंको एनर्जी प्रा. लि.	सिक्किम	1 2 3 4	125 125 125 125	2012-13 2012-13 2012-13 2012-13		2021-22 2021-22 2021-22 2021-22 (कार्यों को **पुनः शुरू** करने के अध्यधीन)	108	➢ खराब भौगोलिक स्थिति। ➢ भूमि अधिग्रहण। ➢ संविदा संबंधी मामले। ➢ विकासकर्ता के साथ निधि संबंधी बाधाएं।
33	रंगित-IV एचई परियोजना (3X40 = 120 मेगावाट) जेपीसीएल	सिक्किम	1 2 3	40 40 40	2011-12 2011-12 2011-12		2018-19 2018-19 2018-19 (कार्यों को **पुनः शुरू** करने के अध्यधीन)	72	➢ खराब भू-वैज्ञानिक स्थिति के कारण एचआरटी और सर्ज शॉफ्ट कार्यों की धीमी प्रगति। ➢ सितंबर, 2011 में भूकंप के कारण कार्य बाधित हुए। ➢ विकासकर्ता के साथ वित्तीय बाधाएं।
34	भास्मे	सिक्किम	1	25.5	2012-13		2019-20	84	➢ वन स्वीकृति।

क्रम सं.	परियोजना का नाम/(सं.क्ष.)/निष्पादन एजेंसी	राज्य	यूनिट सं.	क्षमता (मेगा.)	चालू होने की मूल अनुसूची	चालू होने की संशोधित अनुसूची	चालू होने की अनुमानित अनुसूची	समय आधिक्य (माह)	समय और लागत आधिक्य के कारण
1	2	3	4	5	6		7	8	9
	(2x25.5 =51 मेगावाट) गाटी इंफ्रास्ट्रक्चर		2	25.5	2012-13		2019-20		➢ विकासकर्ता के साथ वित्तीय बाधाएं।
35	रोंगनीचू (2x48 =96 मेगावाट) मध्य भारत प्रा. लि.	सिक्किम	1 2	48 48	2015-16 2015-16		2019-20 2019-20	48	➢ भूमि अधिग्रहण। ➢ खराब भू-वैज्ञानिक स्थिति।
36	रत्ले (4x205+1x30) = 850 मेगावाट रत्ले एचईपी प्रा. लि.	जम्मू व कश्मीर	1 2 3 4 5	205 205 205 205 30	2017-18 2017-18 2017-18 2017-18 2017-18		2021-22 2021-22 2021-22 2021-22 2021-22 (कार्यों को **पुनः शुरू** करने के अध्यधीन)	48	➢ कार्यों की धीमी प्रगति। ➢ बार-बार स्थानीय बाधा के कारण कार्य दिनांक 11.7.14 से लंबित रहा।
37	गोंगरी 2x72= 144 मेगावाट दिरांग एनर्जी (पी) लि.	अरुणाचल प्रदेश	1 2	72 72	2017-18 2017-18		2019-20 2019-20 (कार्यों को **पुनः शुरू** करने के अध्यधीन)	24	➢ कार्य दिनांक 22.11.2011 को अवार्ड किया गया। तथापि, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से स्थापना की सहमति दिनांक 19.05.2014 को जारी हुई। ➢ विकासकर्ता के साथ वित्तीय समस्याएं।
38	बजोली होली 3x60= 180 मेगावाट मैसर्स जीएमआर बजोली होली	हिमाचल प्रदेश	1 2 3	60 60 60	2017-18		2019-20	24	➢ कार्यों की धीमी प्रगति।
39	रंगित-II 2x33= 66 मेगावाट सिक्किम हाइड्रो पावर लि.	सिक्किम	1 2	33 33	2017-18		2019-20 (कार्यों को **पुनः शुरू** करने के अध्यधीन)	24	➢ कार्यों की धीमी प्रगति। ➢ विकासकर्ता के साथ वित्तीय समस्याएं।
40	पनन 4x75= 300 मेगावाट हिमगिरी हाइड्रो एनर्जी प्रा. लि.	सिक्किम	1 2 3 4	75 75 75 75	2018-19		2020-21 (कार्यों को **सक्रिय रूप से शुरू** करने के अध्यधीन)	24	➢ एनडब्ल्यूएलबी से स्वीकृति दिसंबर, 2015 में प्राप्त। ➢ एनजीटी द्वारा स्वीकृति।
41	ताशिडिंग 2x48.5=97 मेगावाट शीघा एनर्जी प्रा. लि.	सिक्किम	1 2	48.5 48.5	2015-16		2016-17	12	➢ खराब भौगोलिक स्थिति। ➢ स्थानीय मामले।
42	चंजू-I 3x12=36 मेगावाट आईए एनर्जी	हिमाचल प्रदेश	1 2 3	12 12 12	2014-15		2016-17	24	➢ कार्यों की धीमी प्रगति। ➢ खराब भौगोलिक स्थिति।
		कुल		**13061**					

*** क्रम सं. 11 (65 मेगावाट) तथा 16 (30 मेगावाट) पर वर्णित प्रत्येक परियोजना की एक यूनिट चालू की जा चुकी है।**

*****

अनुबंध-II

"ऊर्जा मिश्रण में जल विद्युत का हिस्सा" के बारे में लोक सभा में दिनांक 01.12.2016 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 224 के उत्तर में दिए गए विवरण के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध।

****

जल विद्युत स्कीमें, जिन्हें सीईए द्वारा स्वीकृति दी गई तथा निर्माण अभी शुरू किया जाना है

श्रेणी-I: पर्यावरणीय एवं वन स्वीकृति मामलों के कारण लंबित

(क) पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त की गई और वन स्वीकृति प्रतीक्षित

दिनांक 31.10.2016 की स्थिति के अनुसार

क्रम सं.	स्कीम/क्षेत्र/ राज्य	एजेंसी	सं. x मेगावाट	संस्थापित क्षमता (मेगावाट)	अनुमानित लागत (रुपए करोड़ में) पीएल	सीईए की सहमति	निर्माण अवधि/शून्य तिथि	टिप्पणियां
1	मियार/निजी/ हिमाचल प्रदेश	एमएचपीसीएल	3x40	120	1125.16 (पूर्ण)	07.02.2013	110 महीने 05/13	30.07.2012 को ईसी दी गई। एफसी-I 27.07.2013 को दी गई। निधि की व्यवस्था प्रक्रियाधीन है। एफसी-II प्रतीक्षित है। वित्तीय बंदी प्रक्रिया में है।
2	न्यू गंदरवाल/ राज्य/जेएंडके	जेकेएसपीडीसी	3x31	93	965.86 (01/14)	10.6.14	48 महीने 7/14	27.9.13 को ईसी दी गई। वन स्वीकृति प्रतीक्षित है।
3	रूपसिया बागर खसिया बारा/केंद्रीय/ उत्तराखंड	एनटीपीसी	3x87	261	1715.15 (05/08)	16.10.08	64 महीने 12/09	26.03.09 को ईसी दी गई। वन स्वीकृति प्रतीक्षित है।
4	तीस्ता स्टे.- IV/केंद्रीय/ सिक्किम	एनएचपीसी	4x130	520	3594.74 (07/09)	13.05.10	सीसीईए स्वीकृति की तारीख से 74 महीने	09.01.14 को ईसी दी गई। 26.02.2013 को एफसी चरण-I प्राप्त की गई। एफसी चरण-II प्रतीक्षित है।
5	डिबिन/निजी/ अरुणाचल प्रदेश	केएसकेडीएचपीएल	2x60	120	728.54*	04.12.09	48 महीने 10/10	23.07.12 को ईसी दी गई। 7.2.2012 को एफसी चरण-I दी गई एवं एफसी चरण-II प्रतीक्षित है।
6	नियामजंग छू/निजी/ अरुणाचल प्रदेश	बीईएल	6x130	780	6115.6*	24.03.11	62 महीने 01/12	19.4.12 को ईसी दी गई। 9.4.2012 को एफसी-I दी गई एवं एफसी-II प्रतीक्षित है।
7	तवांग चरण-I/ केंद्रीय/अरुणाचल प्रदेश	एनएचपीसी	3x200	600	4824.01 (5/10)	10.10.11	सीसीईए स्वीकृति की तारीख से 78 महीने	10.6.11 को ईसी दी गई। वन स्वीकृति प्रस्ताव राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को 21.08.11 को अग्रेषित किया गया। एफसी-I और II प्रतीक्षित है।
8	टाटो-II/निजी/ अरुणाचल प्रदेश	टीएचपीपीएल	4x175	700	5616.20 *	22.5.12	72 महीने 01/12	27.6.11 को ईसी दी गई। एफसी सियांग बेसिन के संचयी प्रभाव आकलन

								अध्ययन से जुड़ा है जिसे एमओईएफ द्वारा करवाया गया है तथा स्वीकृत किया गया है।
9	तवांग स्टे.-II /केंद्रीय/अरुणाचल प्रदेश	एनएचपीसी	4x200	800	6112.3 (05/10)	22.09.11	सीसीईए स्वीकृति की तारीख से 83 महीने	10.06.11 को ईसी दी गई। एफसी-I 8.01.14 को दी गई। एफसी-II प्रतीक्षित है।
10	सियोम/निजी/ अरुणाचल प्रदेश	एसएचपीपीएल	6x166.67	1000	12100	17.12.13	78 महीने 01/15	31.03.08 को ईसी दी गई। एफसी प्रतीक्षित है। एफसी सियांग बेसिन के संचयी प्रभाव आकलन अध्ययन से जुड़ा है जिसे एमओईएफ द्वारा करवाया गया है तथा स्वीकृत किया गया है।
11	कलई-II/निजी/ अरुणाचल प्रदेश	कलई पीपीएल	5x190+1x190 +1x60	1200	14199.64*	27.3.15	87 महीने, 01/15	ईसी 20.5.15 को दी गई। एफसी प्रतीक्षित है।
12	हियो/निजी/ अरुणाचल प्रदेश	एचएचपीपीएल	3x80	240	1614.35	28.07.15	09/16 से 50 महीने	ईसी 31.03.15 को दी गई। पत्र अभी जारी किया जाना है। एफसी-I 27.10.15 को दी गई। एफसी-II प्रतीक्षित है।
13	टाटो-I/निजी/ अरुणाचल प्रदेश	एसएचपीपीएल	3x62	186	1493.55	28.10.15	01.11.16 से 50 महीने	ईसी 10.11.15 को दी गई। एफसी-I 27.10.15 को दी गई। एफसी-II प्रतीक्षित है।
	उप-जोड़			**6620**				

(ख) पर्यावरणीय और वन स्वीकृति दोनों प्रतीक्षित

14	दिखू/निजी/ नागालैंड	एनएमपीपीएल	3x62	186	1994.74 (पूर्ण)	31.03.14	52 महीने 01/16	चूंकि वनभूमि शामिल नहीं है। अतः वन स्वीकृति लागू नहीं। ईसी प्रतीक्षित है।
15	चांगो यांगथांग/निज/ हिमाचल प्रदेश	एमपीसीएल	3x60	180	2077.294 (पूर्ण)	31.03.14	58 महीने 04/15	ईसी एवं एफसी प्रतीक्षित है।
16	छतरू/निजी/ हिमाचल प्रदेश	डीएससी	3x42	126	1386.08 (पूर्ण)	15.1.2015	75 महीने 06/17	24.02.15 को एमओईएफ द्वारा ईसी अनुमोदित की गई है, चरण-I वन स्वीकृति को प्रस्तुत करने के पश्चात् पत्र जारी किया जाएगा। एफसी प्रतीक्षित है।
17	देवसारी/ केंद्रीय/ उत्तराखंड	एसजेवीएनएल	3x84	252	1558.84 (06/10)	07.08.12	60 महीने, 01/13	ईसी की सिफारिश के लिए ईएसी बैठक 27.12.2011 को आयोजित की गई। एफसी के पश्चात पत्र जारी किया जाएगा।
18	मतनार/राज्य/ छत्तीसगढ़	सीएसपीसीपीएल	3x20	60	313.35 (03/04)	19.08.04		ईसी एवं एफसी प्रतीक्षित है।
19	लोअर सियांग/ निजी/अरुणाचल	जेएवीएल	9x300	2700	19990.74*	16.02.10	114 महीने 01/11	ईसी एवं एफसी प्रतीक्षित है।

	प्रदेश							
20	हीरोंग/निजी/ अरुणाचल प्रदेश	जेएपीएल	4x125	500	5532.63*	10.04.13	78 months 01/14	ईसी एवं एफसी प्रतीक्षित है। वन स्वीकृति सियांग बेसिन के संचयी प्रभाव निर्धारण अध्ययन से जुड़ी है जिसे एमओईएफ द्वारा करवाया गया है तथा स्वीकृत किया गया है।
21	इटालिन/निजी/ अरुणाचल प्रदेश	ईएचईपीसीएल	10x307+1x 19.6+1x7.4	3097	25296.95*	12.07.13	84 महीने 10/14	ईसी एवं एफसी प्रतीक्षित है।
22	तालोंगलोंदा/ निजी/अरुणाचल प्रदेश	जीएमआर	3x75	225	2172.88*	16.08.13	60 महीने 11/14	ईसी एवं एफसी प्रतीक्षित है। वन स्वीकृति सियांग बेसिन के संचयी प्रभाव निर्धारण अध्ययन से जुड़ी है जिसे एमओईएफ द्वारा करवाया गया है तथा स्वीकृत किया गया है।
23	नाईग/निजी/ अरुणाचल प्रदेश	एनडीएससीपीएल	4x250	1000	9301.11	11.09.13	72 महीने 01/15	ईसी एवं एफसी प्रतीक्षित है। वन स्वीकृति सियांग बेसिन के संचयी प्रभाव निर्धारण अध्ययन से जुड़ी है।
24	क्यांशी-I/निजी/ मेघालय	एकेपीपीएल	2x135	270	3154.37 09/2015	31.3.2015	60 महीने 09/16.	ईसी एवं एफसी प्रतीक्षित है।
25	लोअर कोपिली/राज्य/ असम	एपीजीसीएल	2x55+1x5+ 2x2.5	120	1115.91 1/2015	24.05.16	48 महीने 02/16	ईसी एवं एफसी प्रतीक्षित है।
26	किरू/केंद्रीय/जे एंड के	सीवीपीपीएल	4x156	624	4640.88 9/2014	13.06.16	54 महीने 8/16	ईसी एवं एफसी प्रतीक्षित है।
27	टुर्गा पीएसएस/ राज्य/डब्ल्यूबी	डब्ल्यूबीएसपीसीएल	4X250	1000	4234.90 12/2014	04.08.16 बैठक तारीख	63 महीने 10/17	ईसी एवं एफसी प्रतीक्षित है।
28	सेली/निजी/ हिमाचल प्रदेश	एसएचपीसीएल	4x100	400	4118.59	27.10.16**	88 महीने/06/17	ईसी एवं एफसी प्रतीक्षित है।
29	सच खास/नीज/ हिमाचल प्रदेश	एलएंडटी एचएचपीएल	3x86.67+1x7	267	3390.74	27.10.16**	102 महीने/ 05/18	ईसी एवं एफसी प्रतीक्षित है।
30	टगुरशिट/निजी/ अरुणाचल प्रदे	एलएंडटी	3x24.67	74	717.04	21.10.16**	52 महीने/ 01/17	ईसी एवं एफसी प्रतीक्षित है।

न्यायाधीन पर्यावरणीय और वन स्वीकृति

31	कोटलीभेल चरण-Iक/ केंद्रीय/एनएचपीसी	एनएचपीसी	3x65	195	1095.77 (12/05)	03.10.06	सीसीईए स्वीकृति की तारीख से 54 महीने	9.5.2007 को ईसी दी गई। 13.10.201 को एफसी चरण-I दी गई। चरण - II प्रतीक्षित है। परियोजना माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा समीक्षा के अधीन 24 परियोजनाओं की सूची में शामिल है।
32	कोटलीभेल चरण-Iख/ केंद्रीय/एनएचपीसी	एनएचपीसी	4x80	320	1806.43 (12/05)	31.10.06	सीसीईए स्वीकृति की तारीख से 54 महीने	पहले 14.08.07 को ईसी प्रदान की गई जिसे 22.11.10 को वापस लिया गया एमओईएफ द्वारा 07.07.2011 को एफसी अस्वीकृत की गई। परियोजना माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा समीक्षा के अधीन 24 परियोजनाओं की सूची में शामिल है।
33	कोटलीभेल चरण-II/ केंद्रीय/एनएचपीसी	एनएचपीसी	8x66.25	530	2535.86 (03/06)	30.11.06	सीसीईए स्वीकृति की तारीख से 60 महीने	23.08.2007 को ईसी दी गई। एफसी 05.07.2011 को अस्वीकृत की गई। परियोजना माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा समीक्षा के अधीन 24 परियोजनाओं की सूची में शामिल है।
34	अलकनंदा/निजी/ एनएचपीसी	जीएमआरएल	3x100	300	1415.96*	08.08.08	69 महीने 03/09	ईसी 12.3.08 को दी गई, एफसी-I 8.11.11 को दी गई। एफसी-II 09.11.2012 को दी गई। परियोजना माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा समीक्षा के अधीन 24 परियोजनाओं की सूची में शामिल है।
	उप-जोड़			**1345**				
	कुल (ईएंडएफ स्वीकृति के लिए लंबित)			**19046**				

<u>श्रेणी-II</u>: पर्यावरणीय और वन स्वीकृति दी गई एवं अन्य कारणों से लंबित

35	पकलदुल/ केंद्रीय/जेएंडके	सीवीपीपी	4x250	1000	5088.88 (07/05)	03.10.06	सीसीईए स्वीकृति की तारीख से 72 महीने	ईसी 29.2.08 को दी गई और एफसी-I 16.5.05 को दी गई और एफसी-II 15.12.15 को दी गई। बोली निर्धारण को अंतिम रूप देने का निर्णय निदेशक मंडल के अनुमोदन के अधीन है।
36	कुटेहर/निजी/ हिमाचल प्रदेश	जेएसडब्ल्यूईपीएल	3x80	240	1798.13*	31.8.10	60 महीने 10/11	05.07.2011 को ईसी दी गई। एफसी-I 22.06.2011 को दी गई तथा एफसी-II 19.02.2013 को दी गई। एफसी-II प्राप्त करने और निजी भूमि का अधिग्रहण

								करने में विलंब के कारण आरंभिक बोलियों की वैधता समाप्त हो गई नई बोली आमंत्रित की जा रही हैं।
37	नफ्रा/निजी/ अरुणाचल प्रदेश	एसएनईएल	2x60	120	848.22*	11.02.11	36 महीने 07/11	19.08.13 को ईसी दी गई। एफसी-I 12.07.2011 को दी गई तथा 26.06.2012 को एफसी-II दी गई। वित्तीय बंदी रद्द की गई। वन भूमि के विपथन संबंधी अंतिम आदेशों के लिए परियोजना रूकी हुई है।
38	देमवे लोअर/ निजी/अरुणाचल प्रदेश	एडीपीएल	(5x342 +1x40 मेगावाट)	1750	13144.91*	20.11.09	61 महीने 04/11	ईसी 12.02.10 को दी गई। एफसी 26.07.13 को दी गई। वित्तीय बंदी अभी की जानी है। परियोजना के विरुद्ध एनजीटी में याचिका दायर की गई।
39	अथिरापिल्ली/ राज्य/केरल	केएसईबी	2x80+2x1.5	163	385.63 (2004-05)	31.03.05	42 महीने 03/05	एफसी दी गई। ईसी 9.10.15 को पुनःस्थापित की गई। कार्य अवार्ड करने के लिए नई निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं।
	उप-जोड़ (अन्य कारणों के लिए लंबित)		**3273**					
	कुल			**22319**				

टिप्पणी: स्कीम की संशोधित डीपीआर को प्रस्तुत किए जाने अथवा स्कीम को छोड़े जाने की संभावना के कारण उपर्युक्त सूची से छः परियोजनाओं अर्थात, अरुणाचल प्रदेश में दिबांग (3000 मेगावाट), मणिपुर में लोकटक डी/एस (66 मेगावाट), मणिपुर में तिपाईमुख (1500 मेगावाट), उत्तराखंड में पाना मनेरी (480 मेगावाट), मिजोरम में कोलोडाइन स्टे.-II (460 मेगावाट) और कर्नाटक में गुंदिया (200 मेगावाट) को निकाला गया है। ओडिशा में ओपीसीएल का जलापुट डैम टो (18 मेगावाट) भी छोटी स्कीम होने के कारण स्कीम से निकाल दिया गया है। उपर्युक्त स्कीमों की कुल क्षमता 5724 मेगावाट है।

(*) सीसी: पूर्णता लागत, ईसी: पर्यावरणीय स्वीकृति, एफसी: वन स्वीकृति, जेवीसी: संयुक्त उद्यम कंपनी।

(**) सहमति बैठक तिथि।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-227

जिसका उत्तर 01 दिसंबर, 2016 को दिया जाना है ।

विद्युत क्षेत्र हेतु विद्युत उपकरण

***227. श्री दिनेश त्रिवेदीः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने विद्युत परियोजनाओं हेतु विद्युत उपकरणों की घरेलू खरीद हेतु मानदंड निर्धारित किए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) गत 10 वर्षों (2006-2016) के दौरान विद्युत क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चीन से आयात किए गए विद्युत उपकरणों की मात्रा और प्रतिशत क्या है;

(ग) मेक इन इंडिया नीति के अंतर्गत विद्युत क्षेत्र की विद्युत उपकरण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए देश में स्थापित विनिर्माण आधार का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या देश में विद्युत उपकरण विनिर्माण के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कोई बजटीय आबंटन किया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इससे क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं?

उत्तर

विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

<u>विवरण</u>

"विद्युत क्षेत्र हेतु विद्युत उपकरण" के बारे में लोक सभा में दिनांक 01.12.2016 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 227 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

****

(क) : केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने फरवरी, 2010 में केंद्रीय/राज्य क्षेत्र की ताप विद्युत उत्पादक यूटिलिटियों को, सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत परियोजनाओं के बॉयलरों तथा टर्बाइन जेनरेटरों के लिए आमंत्रित की जाने वाली बोलियों में, सफल बोलीदाताओं द्वारा चरणबद्ध विनिर्माण कार्यकम (पीएमपी) के अनुसार, स्वदेशी विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने की शर्त शामिल करने के लिए परामर्शिका जारी की है।

इसके अतिरिक्त, सीईए ने मई, 2016 में विद्युत क्षेत्र की केंद्रीय/राज्य यूटिलिटियों को निम्नलिखित सलाह दी है :

i. घरेलू रूप से वित्तपोषित परियोजनाओं में, उपस्करों/सामग्री की अधिप्राप्ति स्थानीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली के माध्यम से घरेलू/स्थानीय विनिर्माताओं से की जानी चाहिए। यदि अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली (आईसीबी) ही करनी पड़े तो उद्धृत मूल्य निरपवाद रूप से भारतीय रूपए में ही होना चाहिए ताकि सबको समान अवसर मिले।

ii. घरेलू विनिर्माण क्षमता न होने पर, निविदा प्रक्रिया में विदेशी आपूर्तिकर्ताओं को अनुमति दी जाए बशर्ते कि भारतीय बोलीदाता के साथ संघ/जेवी गठित किया गया हो और वे निर्धारित समय-सीमा में भारत में विनिर्माण सुविधा स्थापित करें तथा चरणबद्ध निर्माण कार्यक्रम में प्रौद्योगिकी का अंतरण सुनिश्चित करें।

(ख) : पिछले 10 वर्षों (2006-2016) के दौरान विद्युत क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चीन से आयातित वैद्युत उपस्करों की मात्रा और प्रतिशतता का वर्षवार ब्यौरा निम्नानुसार है :

विद्युत मशीनरी और उपस्करों का आयात

(मूल्य मिलियन अमरीकी डॉलर में)

वर्ष	चीन से आयात	कुल आयात	चीन से आयात का प्रतिशत हिस्सा
2006-07	444.26	2639.65	16.83

2007-08	961.93	4217.81	22.81
2008-09	1028.34	4581.74	22.44
2009-10	1273.78	4403.2	28.93
2010-11	1562.52	5614.72	27.83
2011-12	2049.24	7291.74	28.1
2012-13	1894.79	6353.48	29.82
2013-14	1726.4	5492.46	31.43
2014-15	1835.01	6061.64	30.27
2015-16	2170.23	6040.66	35.93
2016-17 (अप्रैल-सितंबर)*	977.65	3123.5	31.3

* आंकड़े अनंतिम

(ग) : विद्युत क्षेत्र की वैद्युत उपस्कर आवश्यकता को पूरा करने के लिए, विदेशी विनिर्माताओं ने सुपरक्रिटिकल बॉयलरों तथा टरबाइन जेनरेटरों के विनिर्माण के लिए भारतीय भागीदारों वाले निम्नलिखित संयुक्त उद्यमों के माध्यम से विनिर्माण सुविधाएं स्थापित की हैं :

i. एल एंड टी - मित्सुबिसी हैवी इंडस्ट्रीज (एमएचआई)

ii. एल्स्टोम-भारत फोर्ज

iii. तोशिबा- जेएसडब्ल्यू

iv. थेरमैक्स- बेबकॉक एंड विल्कोक्स

v. दूसन पावर सिस्टम्स

इसके अतिरिक्त, भेल ने भी सुपरक्रिटिकल बॉयलरों तथा टर्बाइन जेनरेटरों के निर्माण के लिए क्रमशः मैसर्स एल्स्टोम तथा साइमन्स के साथ प्रौद्योगिकी सहयोग प्रारंभ किया है।

(घ) : देश में वैद्युत उपस्करों के विनिर्माण का उत्पादन बढ़ाने के लिए किसी प्रकार का बजटीय आबंटन नहीं किया गया है।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-232

जिसका उत्तर 01 दिसंबर, 2016 को दिया जाना है ।

एलईडी वितरण योजना

***232. श्री मनोज तिवारीः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एलईडी बल्ब वितरण की योजना और एलईडी आधारित होम एंड स्ट्रीट लाइटिंग के राष्ट्रीय कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) उक्त योजनाएं किन राज्यों में कार्यान्वयन के अधीन हैं और इस योजना के आरंभ होने के बाद से अब तक बचायी गयी विद्युत की मात्रा और मूल्य कितना है; और

(ग) क्या सरकार "एलईडी वितरण योजना" के वित्तपोषण और कार्यान्वयन पैटर्न में आमूल-चूल परिवर्तन करने की योजना बना रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

<u>विवरण</u>

"एलईडी वितरण योजना" के बारे में लोक सभा में दिनांक 01.12.2016 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 232 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

****

(क) : दो पहलें, यथा - सबके लिए सस्ते एलईडी द्वारा उन्नत ज्योति (उजाला) तथा स्ट्रीट लाइट राष्ट्रीय कार्यक्रम (एसएलएनपी), शुरू की गई हैं जिनमें क्रमश: घरेलू लाइटों तथा स्ट्रीट लाइटों के स्थान पर एलईडी लगाई जाती हैं। इसे विद्युत मंत्रालय के नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की संयुक्त उद्यम कंपनी एनर्जी एफिसिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। ईईएसएल ने एक नवीन व्यापारिक मॉडल तैयार किया है जिसमें इन कार्यक्रमों में संपूर्ण निवेश ईईएसएल द्वारा किया जाता है तथा निवेश को समय के साथ-साथ ऊर्जा बचत से वापस किया जाता है। इस स्कीम में भारत सरकार की कोई सब्सिडी नहीं है। ईईएसएल मांग एकत्रित करता है तथा थोक खरीद का मूल्य-लाभ प्राप्त करने के लिए एलईडी बल्बों की ई-खरीद करती है और यह लाभ लाभार्थियों को दिया जाता है।

(ख) : जिन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में उपर्युक्त स्कीम कार्यान्वयनाधीन है, उनके ब्यौरे वहाँ स्कीम को चालू किए जाने के समय से बचाई गई विद्युत की मात्रा तथा मूल्य सहित **अनुबंध** में दिए गए हैं।

(ग) : उजाला कार्यक्रम स्वैच्छिक प्रकृति का है जो भारत सरकार के किसी भी बजटीय आवंटन के बिना चलता है तथा यह संधारणीय व्यापारिक मॉडल पर आधारित है जिसमें उपभोक्ता दक्ष प्रकाश व्यवस्था की लागत को किसी समयावधि में अपने बिजली बिल की बचत के माध्यम से ऊर्जा एवं अनुरक्षण व्यय की बचत से चुकाता है। "एलईडी वितरण स्कीम" के वित्तपोषण तथा निष्पादन पैटर्न में परिवर्तन करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****

अनुबंध

"एलईडी वितरण योजना" के बारे में लोक सभा में दिनांक 01.12.2016 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 232 के उत्तर में दिए गए विवरण के भाग (ख) में उल्लिखित अनुबंध।

****

उजाला स्कीम के अंतर्गत राज्य/यूटी-वार बचाई गई विद्युत, 25.11.2016 की स्थिति के अनुसार

क्रम सं.	राज्य और यूटी	संवितरित एलईडी बल्बों की संख्या	प्रतिवर्ष बचत की गई ऊर्जा (मिलियन यूनिट में)	प्रतिवर्ष बचत (रुपए करोड़ में)
1	जम्मू व कश्मीर	3,426,861	445.5	178.2
2	पंजाब	57,679	7.5	3.0
3	हरियाणा	7,476,754	972.0	388.8
4	उत्तराखंड	3,378,952	439.3	175.7
5	हिमाचल प्रदेश	6,766,201	879.6	351.8
6	दिल्ली	7,476,754	972.0	388.8
7	उत्तर प्रदेश	11,134,639	1447.5	579.0
8	राजस्थान	11,880,209	1544.4	617.8
9	गुजरात	27,382,053	3559.7	1,423.9
10	मध्य प्रदेश	8,808,846	1145.2	458.1
11	बिहार	7,528,176	978.7	391.5
12	सिक्किम	1,397	0.2	0.1
13	महाराष्ट्र	20,010,593	2601.4	1,040.6
14	झारखंड	7,530,467	979.0	391.6
15	छत्तीसगढ़	5,698,225	740.8	296.3
16	ओडिशा	7,260,892	943.9	377.6
17	नागालैंड	58,238	7.6	3.0
18	असम	439,000	57.1	22.8
19	मेघालय	50,799	6.6	2.6
20	मिजोरम	9,752	1.3	0.5
21	आंध्र प्रदेश	19,025,756	2473.3	989.3
22	पश्चिम बंगाल	340,853	44.3	17.7
23	तेलंगाना	560,485	72.9	29.1
24	गोवा	720,582	93.7	37.5
25	कर्नाटक	13,522,393	1757.9	703.2
26	तमिलनाडु	61,018	7.9	3.2
27	केरल	7,750,299	1007.5	403.0
28	दमन व दीव	95,010	12.4	4.9
29	दादरा व नागर हवेली	81,177	10.6	4.2
30	लक्षद्वीप	100,000	13.0	5.2
31	अंडमान व निकोबार	400,000	52.0	20.8
32	पुडुचेरी	609,251	79.2	31.7
	कुल	**179,643,311**	**23353.6**	**9,341.5**

एसएलएनपी स्कीम के अंतर्गत राज्य/यूटी-वार बचाई गई विद्युत, 25.11.2016 की स्थिति के अनुसार

क्रम सं.	राज्य और यूटी	प्रतिस्थापित स्ट्रीट लाइटों की सं.	प्रतिवर्ष बचत की गई ऊर्जा (एमयू में)	प्रतिवर्ष बचत (रु. करोड़ में)
1	आंध्र प्रदेश	557,760	70.863	28.345
2	बिहार	150	0.019	0.008
3	दिल्ली	216,678	27.529	11.012
4	हिमाचल प्रदेश	3,957	0.503	0.201
5	केरल	9,657	1.227	0.491
6	महाराष्ट्र	12,722	1.616	0.646
7	पुडुचेरी	300	0.038	0.015
8	राजस्थान	533,754	67.813	27.125
9	तेलंगाना	2,671	0.339	0.136
10	त्रिपुरा	36,789	4.674	1.870
11	उत्तर प्रदेश	30,823	3.916	1.566
12	असम	4,498	0.571	0.228
13	गुजरात	12,989	1.650	0.660
14	झारखंड	2,800	0.356	0.142
15	मध्य प्रदेश	3,789	0.481	0.192
16	पंजाब	2,812	0.357	0.143
17	पश्चिम बंगाल	300	0.038	0.015
18	जम्मू व कश्मीर	500	0.064	0.026
19	उत्तराखंड	500	0.064	0.026
20	गोवा	400	0.051	0.020
	कुल	**1,433,849**	**182.169**	**72.868**

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2538

जिसका उत्तर 01 दिसंबर, 2016 को दिया जाना है ।

नेशनल स्मार्ट ग्रिड मिशन

2538. श्रीमती पूनम महाजनः
श्रीमती एम. वसन्तीः
श्री देवुसिंह चौहानः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में नेशनल स्मार्ट ग्रिड मिशन के प्रथम चरण में चिन्हित शहरों के क्या नाम हैं;

(ख) गत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरकार द्वारा नेशनल स्मार्ट ग्रिड मिशन के लिए राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार किन शहरों का चयन किया गया है;

(ग) क्या मंत्रालय द्वारा संपूर्ण देश के शहरों में चयनित स्मार्ट ग्रिड की सभी परियोजनाओं के कार्य का अवार्ड दिया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) केन्द्र सरकार द्वारा देश में स्मार्ट ग्रिड नेटवर्क के विकास में गति लाने के लिए और क्या कदम उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) : राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन (एनएसजीएम) के अन्तर्गत अमरावती (महाराष्ट्र), कांग्रेस नगर (नागपुर), चंडीगढ़ और कानपुर शहरों में स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएं संस्वीकृत की गई हैं।

(ख) : राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन 27 मार्च, 2015 को शुरू किया गया था। एनएसजीएम को वर्ष 2015-16 तथा 2016-17 के लिए आबंटित निधियां क्रमशः 40 करोड़ रुपए एवं 30 करोड़ रुपए थीं। एनएसजीएम के अन्तर्गत राज्य-वार कोई निधि आबंटित नहीं की गई है।

(ग) से (ङ) : एनएसजीएम के अन्तर्गत संस्वीकृत कार्यों का अवार्ड संबंधित राज्यों/विद्युत वितरण कंपनी द्वारा किया जाता है। इस प्रकार विद्युत मंत्रालय द्वारा कार्य अवार्ड करने का प्रश्न नहीं उठता है। एनएसजीएम परियोजना प्रबंधन ईकाई (एनपीएमयू) देश में स्मार्ट ग्रिड नेटवर्क के विकास में तेजी लाने के लिए राज्यों की सहायता कर रही है।

****

भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2549

जिसका उत्तर 01 दिसंबर, 2016 को दिया जाना है ।

विद्युत-वितरण कंपनियों द्वारा लिया गया ऋण

2549. श्री रवीन्द्र कुमार जेनाः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान देश के सभी राज्यों में राज्यों द्वारा चलाई जा रही विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा लिए गए ऋण का कंपनी-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) चालू वित्त वर्ष के दौरान पूरे देश में लाभ कमाने वाली विद्युत वितरण कंपनियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान में विद्युत की कमी वाले राज्यों के नाम क्या हैं;

(घ) क्या केन्द्र सरकार राज्यों द्वारा उपभोक्ताओं के विभिन्न वर्गों पर प्रभारित औसत प्रशुल्क संबंधी कोई आंकड़े रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं खान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री पीयूष गोयल)

(क) : पावर फाइनेंस कारपोरेशन (पीएफसी) लिमिटेड द्वारा प्रकाशित 'राज्य विद्युत यूटिलिटियों का निष्पादन' संबंधी रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2010-11 से वर्ष 2014-15 तक उपभोक्ताओं को सीधे विद्युत की बिक्री करने वाली यूटिलिटियों के कुल बकाया ऋण नीचे दिए गए हैं :

कुल बकाया ऋण	**2010-11**	**2011-12**	**2012-13**	**2013-14**	**2014-15**
(रुपए करोड़ में)	193,134	229,924	289,220	350,148	391,897

राज्य-वार और यूटिलिटी-वार ब्यौरे **अनुबंध-I** में दिए गए हैं।

(ख) : पीएफसी द्वारा प्रकाशित 'राज्य विद्युत यूटिलिटियों का निष्पादन' संबंधी रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2012-13 से वर्ष 2014-15 तक उपभोक्ताओं को सीधे विद्युत की बिक्री करने वाली निम्नलिखित यूटिलिटियों ने वर्ष 2014-15 में प्राप्त सब्सिडी के आधार पर लाभ प्राप्त किए हैं :

राज्य	**यूटिलिटी**	**सब्सिडी प्राप्त आधार पर लाभ (रुपए करोड़ में)**
पश्चिम बंगाल	डब्ल्यूबीएसईडीसीएल	20
दिल्ली	बीएसईएस राजधानी	63
	बीएसईएस यमुना	19
	टीपीडीडीएल	336
कर्नाटक	बेसकॉम	113
	चेसकॉम	37
	हेसकॉम	30
	मेसकॉम	14
पुडुचेरी	पुडुचेरी पीडी	157
गुजरात	डीजीवीसीएल	51
	एमजीवीसीएल	29
	पीजीवीसीएल	11
	यूजीवीसीएल	17

(ग) : विद्युत आपूर्ति स्थिति के अनुसार, अप्रैल, 2016 - अक्तूबर, 2016 की अवधि के दौरान, निम्नलिखित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में विद्युत कमी रही :

कमी की मात्रा (प्रतिशत में)	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**
ऊर्जा कमी 0.7% की अखिल भारतीय औसत कमी से कम अथवा समतुल्य	हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, गोवा, केरल, दिल्ली एवं पुडेचेरी।
ऊर्जा कमी 0.7% की अखिल भारतीय औसत कमी से ज्यादा	उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, जम्मू एवं कश्मीर, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड, असम, मणिपुर और अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह

(घ) और (ङ) : केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014-15 की अवधि के लिए अखिल भारतीय भारित औसत प्रशुल्क (रु./यूनिट) का राज्य-वार और निर्देशात्मक उपभोक्ता श्रेणी-वार ब्यौरा **अनुबंध-II** पर दिया गया है।

****

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 01.12.2016 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2549 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

****

उपभोक्ताओं को सीधे ही विक्रय कर रही यूटिलिटियों का कुल बकाया कर्ज

(रु. करोड़ में)

क्षेत्र	राज्य	यूटिलिटी	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15
पूर्वी	**बिहार**	बीएसईबी	15,149	17,559	0	0	0
		एनबीपीडीसीएल	0	0	1,281	1,654	1,776
		एसबीपीडीसीएल	0	0	1,682	2,174	2,040
	बिहार कुल		**15,149**	**17,559**	**2,963**	**3,827**	**3,816**
	झारखण्ड	जेएसईबी	7,869	8,607	9,795	0	0
		जेबीवीएनएल	0	0	0	125	265
	झारखण्ड कुल		**7,869**	**8,607**	**9,795**	**125**	**265**
	सिक्किम	सिक्किम पीडी	0	0	0	0	0
	सिक्किम कुल		**0**	**0**	**0**	**0**	**0**
	पश्चिम बंगाल	डब्ल्यूबीएसईडीसीएल	5,510	7,265	9,197	11,648	12,871
	पश्चिम बंगाल कुल		**5,510**	**7,265**	**9,197**	**11,648**	**12,871**
पूर्वी कुल			**28,527**	**33,431**	**21,954**	**15,601**	**16,951**
पूर्वोत्तर	**अरुणाचल प्रदेश**	अरुणाचल पीडी	88	88	0	0	0
	अरुणाचल प्रदेश कुल		**88**	**88**	**0**	**0**	**0**
	असम	एपीडीसएल	573	747	1,351	1,591	2,260
	असम कुल		**573**	**747**	**1,351**	**1,591**	**2,260**
	मणिपुर	मणिपुर पीडी	87	81	79	0	0
		एमएसपीडीसीएल	0	0	0	0	0
	मणिपुर कुल		**87**	**81**	**79**	**0**	**0**
	मेघालय	एमईईसीएल	1,187	1,495	0	0	0
		एमईपीडीसीएल	0	0	324	266	388
	मेघालय कुल		**1,187**	**1,495**	**324**	**266**	**388**
	मिजोरम	मिजोरम पीडी	143	42	39	37	32
	मिजोरम कुल		**143**	**42**	**39**	**37**	**32**
	नागालैंड	नागालैंड पीडी	169	144	150	0	328
	नागालैंड कुल		**169**	**144**	**150**	**0**	**328**
	त्रिपुरा	त्रिपुरा पीडी	191	143	0	0	0
		टीएसईसीएल	0	0	204	204	237
	त्रिपुरा कुल		**191**	**143**	**204**	**204**	**237**
पूर्वोत्तर कुल			**2,438**	**2,740**	**2,148**	**2,099**	**3,246**
उत्तरी	**हरियाणा**	डीएचबीवीएनएल	4,822	5,347	8,056	10,750	14,659
		यूएचबीवीएनएल	10,195	10,685	14,515	17,950	19,425
	हरियाणा कुल		**15,016**	**16,033**	**22,571**	**28,700**	**34,085**
	हिमाचल प्रदेश	एचपीएसईबी	0	0	0	0	0
		एचपीएसईबी लिमिटेड	4,178	4,234	4,522	4,374	4,590
	हिमाचल प्रदेश कुल		**4,178**	**4,234**	**4,522**	**4,374**	**4,590**
	जम्मू एवं कश्मीर	जेएण्डके पीडीडी	122	150	147	152	166
	जम्मू एवं कश्मीर कुल		**122**	**150**	**147**	**152**	**166**
	पंजाब	पीएसपीसीएल	20,517	18,957	19,795	19,771	21,903
	पंजाब कुल		**20,517**	**18,957**	**19,795**	**19,771**	**21,903**
	राजस्थान	एवीवीएनएल	15,122	18,359	22,667	24,812	27,017
		जेडीवीवीएनएल	13,335	16,021	20,954	23,493	25,956

		जेवीवीएनएल	14,049	16,496	20,520	24,553	28,176
	राजस्थान कुल		**42,506**	**50,876**	**64,141**	**72,858**	**81,149**
	उत्तर प्रदेश	डीवीवीएन	1,359	1,521	10,503	17,950	20,477
		केईएससीओ	365	355	1,979	3,160	3,151
		एमवीवीएन	1,226	1,289	6,642	10,163	10,704
		पश्च वीवीएन	1,266	1,452	6,819	9,956	9,941
		पूर्व वीवीएन	1,184	1,245	7,694	12,370	12,709
	उत्तर प्रदेश कुल		**5,400**	**5,863**	**33,637**	**53,599**	**56,982**
	उत्तराखण्ड	उत् पीसीएल	1,202	1,712	1,344	1,201	1,388
	उत्तराखण्ड कुल		**1,202**	**1,712**	**1,344**	**1,201**	**1,388**
उत्तरी कुल			**88,941**	**97,826**	**146,157**	**180,655**	**200,264**
दक्षिणी	**आंध्र प्रदेश**	एपीसीपीडीसीएल	5,510	6,772	7,808	8,793	0
		एपीईपीडीसीएल	3,188	3,265	3,233	3,554	3,879
		एपीएनपीडीसीएल	3,372	3,773	4,159	4,306	0
		एपीएसपीडीसीएल	4,736	5,604	6,302	6,913	9,958
	आंध्र प्रदेश कुल		**16,807**	**19,414**	**21,502**	**23,567**	**13,837**
	कर्नाटक	बीईएससीओएम	1,765	2,327	3,419	4,524	5,489
